# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

पत्रांकः–भवन / स्था0–01–विविध–15 / 2023................................ /

प्रेषक,

ज्ञानेन्द्र कुमार,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

निदेशक, अनुश्रवण,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– Resource Person Scheme के तहत State Resource Person के संबंध में।

प्रसंगः– वित्त विभाग का पत्रांक–894, दिनांक–25.01.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया संदर्भ करें। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, नई दिल्ली Resource Person Scheme के तहत राज्य स्तर पर Procurement Competition Advocacy को बढ़ावा देने हेतु दो State Resource Person (संयुक्त सचिव / समकक्ष स्तर वेतन लेवेल–13) के सेवानिवृत्त वैसे पदाधिकारियों, जिन्हें Procurement के संबंध में अच्छी जानकारी हो तथा वे उक्त कार्य / दायित्व के सम्पादन हेतु इच्छुक हों, का विवरण वित्त विभाग को उपलब्ध कराया जाना है।

कृपया इस संबंध में आवेदन प्राप्त करते हुये वांछित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय।

**अनु0ः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

ह0 / –
(ज्ञानेन्द्र कुमार)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः– भवन / स्था0–01–विविध–15 / 2023........................................ / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–उपायुक्त (वि0प्र0), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः– भवन / स्था0–01–विविध–15 / 2023.....1829 (भ0)......... / पटना, दिनांक–28/2/24

प्रतिलिपिः–आई0टी0मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**अनु0–यथोक्त।**

23/02/24
सरकार के उप सचिव।

D/MADHUMITA.RAJ.STHAPANA/Prabhu SIR/p.draft

पत्र संख्या-एम-4-48/2012-....894....../वि०

बिहार सरकार

वित्त विभाग

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी,
उपायुक्त(वि0प्र0) ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक-...25/01/2024

विषयः- Resource Person Scheme के तहत State Resource Person के संबंध में ।

प्रसंगः- वित्त विभागीय पत्रांक-10612 दिनांक-01.12.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्र का कृपया स्मरण किया जाय । भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, नई दिल्ली द्वारा Resource Person Scheme के तहत राज्य स्तर पर Procurement में Competition Advocacy को बढ़ावा देने हेतु दो State Resource Person (संयुक्त सचिव एवं समकक्ष स्तर के सेवानिवृत्त पदाधिकारी जिन्हें आयोग द्वारा प्रति माह ₹50,000/- भुगतान किया जाना है) के नामांकन की अपेक्षा के संदर्भ में आपके विभाग से सेवानिवृत संयुक्त सचिव एवं समकक्ष स्तर के वैसे पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, जिन्हें Procurement के संबंध में अच्छी जानकारी हो तथा वे उक्त कार्य/दायित्व के संपादन हेतु इच्छुक हो । इस संबंध में अद्यतन सूचना अभी तक अप्राप्त है ।

अतएव पुनः अनुरोध है कि अपने विभाग से सेवानिवृत संयुक्त सचिव एवं समकक्ष स्तर के वैसे पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, जिन्हें Procurement के संबंध में अच्छी जानकारी हो तथा वे उक्त कार्य/दायित्व के संपादन हेतु इच्छुक हो ।

विश्वासभाजन,

25/01/24

(राजेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी)
उपायुक्त(वि0प्र0)।

संयुक्त सचिव, भ० नि० वि० कोषांग
गै०स०सं० 298
प्राप्ति 31.01.24
प्रेषित

sec-4/108